
# अब आपकी बारी


वर्कशीट–1


**1. भाषा में हम क्या-क्या करते हैं? सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाएँ–**














**2. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरें–**

क. पशु-पक्षियों के मुख से निकली आवाज़ ......ध्वनि...... है।

(भाषा/ध्वनि)

ख. भाषा के मौखिक रूप को हम परिवार में सीखते हैं।

(लिखित/मौखिक)

ग. भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं।

(एक/अनेक)

घ. भारत में हिंदी बोलनेवालों की संख्या सबसे अधिक है।

(अंग्रेज़ी/हिंदी)



Scanned with OKEN Scanner

# 2 हमारी वर्णमाला (Alphabet)




हमारे मुँह से निकली आवाज़ें ध्वनि कहलाती हैं। ये ध्वनियाँ जब बोली और लिखी जाती हैं, तब वर्ण कहलाती हैं।

**वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।**

प्रत्येक ध्वनि के लिए एक निश्चित वर्ण होता है।

**वर्णों से शब्द बनते हैं और शब्दों से वाक्य।**

प्रत्येक भाषा के अपने अलग-अलग वर्ण होते हैं। ये एक निश्चित क्रम में लिखे जाते हैं। हिंदी भाषा के वर्ण इस प्रकार हैं—

**स्वर**

अ आ इ ई
उ ऊ ऋ ए ऐ
ओ औ
अं अः

**व्यंजन**

क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व
श ष स ह

**संयुक्ताक्षर**—क्ष त्र ज्ञ श्र

**आगत**—ऑ ज़ फ़

ये वर्ण एक विशेष क्रम में लिखे गए हैं। सही क्रम से लिखे गए वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

क्ष त्र ज्ञ श्र को **संयुक्ताक्षर** कहते हैं। ये दो व्यंजनों के मिलने से बनते हैं—

क् + ष = क्ष    त् + र = त्र    ज् + ञ = ज्ञ    श् + र = श्र

**अब हम जान गए—**

- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है। सब भाषाओं में निश्चित वर्ण होते हैं।
- वर्णों के सही क्रम को **वर्णमाला** कहते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# अब आपकी बारी



## 1. क्रम से वर्ण लिखें–

अ आ इ ई

उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ

अं अः

क ख ग घ

च छ ज झ

ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

## 2. संयुक्ताक्षर बनाएँ–

क् + ष = क्ष

त् + र = त्र

ज् + ञ = ज्ञ

श् + र = श्र



## 3. चुनकर सही शब्द पर ✓ लगाएँ और लिखें–

क. भाषा की सबसे छोटी इकाई ......वर्ण...... है। (वर्ण/शब्द)

ख. वर्ण भाषा का मौखिक और लिखित रूप है। (लिखित/चित्रित)

ग. वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं। (स्वर/वर्णमाला)

घ. वर्णों को मिलाकर शब्द बनते हैं। (वाक्य/शब्द)



Scanned with OKEN Scanner